**दिनांकः 21.07.2025** **समय : 18.30 पीएम**

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

- **संसद का मॉनसून सत्र शुरू–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र के सार्थक और सकारात्मक चर्चाओं से भरपूर होने की आशा व्यक्त की।**

- **जस्टिस के.आर श्रीराम ने राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।**

- **खान विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक करीब ढाई हजार करोड़ रूपये का रिकॉर्ड राजस्व संग्रहित किया।**

- **प्रदेश में इस मॉनसून में ज्यादातर जिलों में अब तक असामान्य बरसात दर्ज–जल स्त्रोत 68 फीसदी भरे।**

...............

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू हुआ। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के सम्बोधन के बाद विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई। विपक्षी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले और बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और अन्य विषयों पर चर्चा की मांग करते हुए शोर–शराबा किया जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हुई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। सत्र की शुरूआत से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन के बाद संवाददाताओं को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने मॉनसून सत्र को विजयोत्सव बताया। उन्होंने कहा कि ये सत्र हमारी उपलब्धियों का सच्चा उत्सव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉनसून, नवाचार और नवीकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देशभर में चल रही मौसम की स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। यह कृषि के लिए लाभकारी होने की संभावना को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये दशक शांति और प्रगति का रहा है।

................

श्री मोदी ने पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर भारतीय तिरंगे के लहराने को गौरव का पल बताया। उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर के लिए सेना के हौसले की सराहना की। पूरा विश्व भारत की सैन्य शक्ति का साक्षी बना है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा निर्धारित लक्ष्य शत–प्रतिशत

हासिल किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के आकाओं को उनके ठिकानों में ही ध्वस्त कर दिया गया।

...............

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि संसद का मॉनसून सत्र सार्थक होगा और सकारात्मक चर्चाओं से भरपूर होगा।

...............

जस्टिस के.आर. श्रीराम ने आज राजस्थान हाईकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

...............

राजभवन में हुए इस समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और अन्य कई मंत्री, विधायक, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्ता मौजूद रहे।

...............

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 23 जुलाई को जयपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। एक दिवसीय दौरे पर श्री धनखड़ रीयल एस्टेट डवलपर्स संघ क्रेडाई राजस्थान की नवनिर्वाचित समिति से संवाद करेगें।

इधर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का कल केकडी दौरे का कार्यक्रम है। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री कृषि उपज मण्डी में जनसभा को भी सम्बोधित करेगें।

...............

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ** से इस वर्ष मई में 20 लाख छह हजार सदस्य जुड़े हैं। यह अप्रैल 2018 में पेरोल डेटा ट्रैकिंग शुरू होने के बाद से अब तक की सबसे अधिक बढोतरी है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के अनुसार नए सदस्यों में 2 लाख 62 हजार महिलाएँ और 18 से 25 आयु वर्ग के 5 लाख 60 हजार सदस्य शामिल हैं। यह अप्रैल 2025 की तुलना में 4 दशमलव सात–नौ प्रतिशत की वृद्धि

दर्शाता है। श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि देश के औपचारिक रोजगार परिदृश्य की बढ़ती शक्ति का प्रमाण है।

..............

खान विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक करीब ढाई हजार करोड़ रूपये का रिकॉर्ड राजस्व संग्रहित किया है। ये पिछले वित्तीय वर्ष की इस अवधि की तुलना में लगभग सवा सौ करोड़ अधिक है। खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने आज अधिकारियों की वर्चुअल बैठक के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व वसूली में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही पुरानी बकाया राशि की वसूली के लिए भी ठोस प्रयास किये जायेगें।

..............

जयपुर को दुनिया के पांच शीर्ष पर्यटन शहरों में शामिल किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय ट्रेवल मैंगजीन की ओर से जारी की गई सूची में जयपुर को जगह मिली है। इस उपलब्धि से राज्य सरकार के प्रयासों को वैश्विक मान्यता मिली है।

....................

उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने इसे गौरव का क्षण बताया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ये हर उस व्यक्ति की मेहनत का फल है जिसने राजस्थानी परम्पराओं विरासत और मेहमाननबाजी को दुनिया के सामने गर्व से प्रस्तुत किया है।

..............

कोटपूतली—बहरोड़ में गंभीर और असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों को घर पर देखभाल की सुविधा मिलेगी। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने आज **होम बेस्ड पैलिएटिव केयर वाहिनी** को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि ये सेवा मोबाइल यूनिट के माध्यम से दी जाएगी। इसमें रोगियों की देखभाल के चिकित्सा उपकरणों के साथ प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे। ये टीम मरीजों और उनके परिजनों की समझाइश करने का काम करेगी। इसके साथ ही परिजनों को भी मरीज की रोजमर्रा देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

..............

प्रदेश में करगिल विजय दिवस सप्ताह के तहत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आज बाड़मेर में शहीदों की स्मृति में पौध रोपण किया गया। हर साल 26 जुलाई को शौर्य दिवस के रूप में ये दिन मनाया जाता है। इस दौरान करगिल युद्ध के जांबाज योद्धाओं के पराक्रम और बलिदान को याद किया जाता है।

..............

प्रदेश में इस मॉनसून में ज्यादातर ज़िलों में असामान्य बरसात हुई है। अब तक 36 जिलों में असामान्य और पांच जिलों में सामान्य से अधिक बरसात दर्ज हुई है। इसके साथ ही जलस्त्रोत भी कुल भराव क्षमता के मुकाबले 68 प्रतिशत से ज्यादा भर चुके हैं। 693 में से 176 बांध लबालब हैं, वहीं 366 आंशिक रूप से भर गये हैं। इस बीच पिछले चौबीस घंटों में मॉनसून की सक्रियता थोड़ी धीमी हुई है। हालांकि कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात रिकॉर्ड हुई। सिरोही जिले में आज कई स्थानों पर हल्की बरसात हुई। वहीं आबू रोड में नदी में डूबने से दो युवकों की मृत्यु हो गई। मौसम विभाग ने आज जोधपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। पांच जिलों चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और उदयपुर में बरसात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अगले चार–पांच दिन प्रदेश में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं।

..............

प्रदेश में बीते दिनों कई स्थानों पर हुई भारी बारिश के बाद जलभराव की समस्या हो गई है। ऐसे में प्रशासन की ओर से पानी की निकासी के लिए व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। इसी कडी में आज श्रीगंगानगर में शहर के प्रमुख नालों की सफाई का अभियान शुरू हुआ। नगर परिषद आयुक्त रविन्द्र सिंह यादव ने बताया कि अभियान के दौरान नालों के बहाव क्षेत्र के अतिक्रमण भी हटाये जायेंगे।

..............

सावन महीने के दूसरे सोमवार पर आज प्रदेशभर के शिवालयों में रौनक बनी हुई है। शिव मन्दिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। हर–हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। देवस्थान विभाग के अधीन मन्दिरों में रूद्राभिषेक के आयोजन रखे गये। विभिन्न स्थानों पर कावड यात्राएं भी निकाली गई। बारां जिले के अन्ता में नागदा शिव मन्दिर से कावड यात्रा निकली। बाड़मेर के हरपालेश्वर महादेव मन्दिर, चौहटन के कपालेश्वर महादेव मन्दिर, जसदेर धाम और अन्य शिव मन्दिरों में भक्तों की कतारें लगी रहीं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज मुख्यमंत्री निवास स्थित राजेश्वरी मन्दिर में भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की।

..............

भारत, इन्टरनेशनल चैस फैडरेशन एफआईडीई 2025 की मेजबानी करेगा। इसका आयोजन 30 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक होगा। इसमें 206 खिलाड़ी हिस्सा लेगें। ये टूर्नामेंट नॉक आउट फोरमेट में खेला जाएगा। इसमें राउण्ड हारने वाला हर खिलाड़ी बाहर हो जाएगा।

टूर्नामेंट के शीर्ष तीन खिलाड़ी 2026 की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाइ करेगें। शतरंज वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में 2002 में हुआ था जिसमें दिग्गज ग्रैण्ड मास्टर विश्वनाथन आनन्द ने खिताब अपने नाम किया था।

..............

राजस्थान पुलिस ने साइबर धोखाधडी से बचाव के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। पुलिस की साइबर क्राइम शाखा की ओर से बताया गया है कि साइबर ठग सीबीआई और ईडी अधिकारी बनकर लोगों को लूटने के लिए नये–नये तरीके अपना रहे हैं। एस.पी. साइबर क्राइम शान्तनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी वर्दी और फर्जी वॉरंट दिखाकर लोगों को धमकाते हैं। उन्होंने डिजिटल एरेस्ट और इस तरह के धमकी भरे वीडियो कॉल पर अत्यन्त सावधानी बरतने का आग्रह किया है। इसके साथ ही किसी की धमकी पर खातों में धनराशि ट्रांसफर करने की मनाही की है। ऐसा करने पर तुरन्त साइबर हैल्प लाइन नम्बर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी है।

..............